## एक नजर में

### पंचतत्व मे विलीन हुई श्रीमती लक्ष्मी बाई पुष्पद



**सारंगपुर 25 नवंबर, सं.** शहर के वार्ड क्र 10 भेरू दरवाजा निवासी गंगाराम पुष्पद मुंशी जी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई पुष्पद का सोमवार को दुखत निधन हो गया , मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा स्वनिवास से मुक्तिधाम तक निकाली गई . मुक्ति धाम पर उपस्थित जन समूह ने श्रद्धांजलि दी . इस दौरान मुक्ति धाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, अभिभाषक संघ अध्यक्ष पी एस मंडलोई, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र वर्मा, वली मोहम्मद मंसूरी,रामबाबू नारोलीया ब्रज किशोर चौहान,शिव नारायण चुलीवाल,फुलमाली समाज अध्यक्ष शिव काका , भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, अशोक पुष्पद, लोकेश पुष्पद, दुलीचंद्र पुष्पद, सतीश पुष्पद, सुरेश पुष्पद, पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोकुल दंडवाणी, प्रेम नारायण पुष्पद,मोहन लाल कानू?या सुसनेर,दिनेश पुष्पद, कुमेर सिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्दीद हुसैन लोदी, राकेश पुष्पद, हीरालाल पुष्पद, दुर्गा पुष्पद, भेरूलाल पुष्पद,रामबाबू पुष्पद, संजू पुष्पद, रामेश्वर पुष्पद सहित बड़ी सख्या मे सामाजिक लोगो ने श्रद्धांजलि दी, मुक्ति धाम पर उनके बड़े पुत्र भेरूलाल पुष्पद, बाबूलाल पुष्पद, संतोष पुष्पद आदि ने अपनी माता को मुख अग्नि दी .

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आदर्श युवा ग्राम

**राजगढ़ 25 नवम्बर, का.** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य श्री विकास गुप्ता के निर्देशन में पंचायती राज व्यवस्था अन्तर्गत आदर्श युवा ग्रामसभा का आयोजन किया गया . आदर्श युवा ग्रामसभा अंतर्गत 40 बच्चों ने भाग लिया . मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कचनरिया के सरपंच श्री जगदीश नट, सचिव श्री राधेश्याम सौंधिया, श्री आत्माराम नागर तथा श्रीमती रमाबाई वर्मा उपस्थित रहे. साथ ही विद्यालय में आयोजित मॉडल यूथ ग्राम सभा के आयोजन में कक्षा 8 से 12 तक के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे . ग्राम सभा में ग्राम पंचायत की स्वास्थ्य, शिक्षा, सडक, साफ-सफाई, आधारा पशुओं, फसल बीमा योजना व अन्य सामाजिक समस्याओं पर विचार छात्रों के अभिनय (भूमिकाओं) द्वारा प्रस्तुत किए गए . इस दौरान ग्राम सभा में सरपंच की भूमिका सुश्री दिशा पाटीदार, उप सरपंच हेतल यादव, सचिव अकित परमार के द्वारा निभाई गई .

### मामूली बात पर मारपीट

**ब्यावरा 25 नवम्बर, का.** सोमवार को पुराना अस्पताल के पीछे कृष्णपुरम में कुछ युवको द्वारा एकमत होकर दो युवको के साथ मामूली बात पर से मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है . सिटी पुलिस के अनुसार एक स्कूल के क्लास रुम में कागज फेंकने की मामूली बात पर से कुछ युवकों ने दो युवक के साथ मारपीट की . फरियादी नाबालिग छात्र ने बताया कि वह और उसका साथी राज यादव जब दोपहर के समय कृष्णपुरम कॉलोनी से जा रहे थे तभी उन पर एक नाबालिग छात्र सहित फैजल खान, अशद, फरहान खान निवासी मातामंड के द्वारा चेन आदि से हमला कर दिया गया . जिससे उनको चोट आई . सिटी पुलिस द्वारा फरियादी की रिपोर्ट पर संबंधित युवको के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है .

# किसानों को मायूस कर रहे प्याज के भाव

## किसानों ने कहा लागत और मेहनत भी नहीं निकल पा रही

**60 पैसे, 2 रुपये प्रति किलो में बिक रहा प्याज**

**लागत भी नहीं निकल पा रही**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 25 नवम्बर, का. एक बार फिर प्याज ने किसानों को मायूस किया है. वर्तमान में प्याज के भाव औंधे मुंह गिरे हुए है. कृषि मंडी में प्याज 60 पैसे, 2 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है, इस तरह लागत और मेहनत भी नहीं निकल पा रही है. प्याज के गिरते दामों से किसान काफी मायूस है.**

विदित है कि विगत कुछ माह से ब्यावरा कृषि उपज मंडी में प्याज और लहसुन की खरीदी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. ऐसे में यहां प्याज और लहसुन की काफी आवक हो रही है, परन्तु प्याज के कम दामों ने किसानों को निराश किया हुआ है. स्थानीय कृषि मंडी में मंगलवार को 60 पैसे, 2 रुपये प्रति किलो तक प्याज बिका. अच्छे से अच्छा प्याज अधिकतम 7 रुपये प्रति किलो तक बिक सका. प्याज की इतनी कम कीमत मिलने पर कुछ किसानों ने मंडी में प्याज नहीं बेचते हुए वह प्याज को वापस अपने घर ले गये.



### क्वालिटी के हिसाब से भाव निर्धारित करते

इस संबंध में व्यापारी प्रतिनिधियों का कहना है कि क्वालिटी के हिसाब से भाव निर्धारित किए जाते है . जैसी क्वालिटी होगी उसी के अनुसार रेट होते है . अच्छी क्वालिटी होने पर अच्छे दाम होते है .

### एक बीघा में 80 से 100 क्विंटल तक उत्पादन

प्याज का उत्पादन अच्छा खासा होता है . जानकारों के अनुसार एक बीघा में 80 से 100 क्विंटल तक प्याज का उत्पादन हो जाता है . इस फसल में नुकसान होने की भी संभावना काफी कम रहती है . उद्यानिकी विभाग के अनुसार गत वर्ष 2024-25 में जिले में प्याज का रकबा लगभग 11 हजार हेक्टर तक रहा था .

### इससे अधिक तो भाड़ा लग गया

जिले की सीमा पर मौजूद ग्राम छायन से आये किसान ने बताया कि वह करीब 55 किमी दूर से ट्रेक्टर ट्रॉली में प्याज लेकर आये . परन्तु यहां उनका प्याज 60 पैसे प्रति किलो एवं 2 रुपये प्रति किलो बिका . इसी प्रकार ग्राम मोठबडली निवासी कृषक ने बताया कि उनका प्याज 2 रुपये प्रति किलो बिका .

### वापस घर ले गये प्याज

कुछ किसानों के द्वारा काफी कम कीमत मिलने पर प्याज मंडी में नही देते हुए वह वापस अपने घर ले गये . ग्राम परसुलिया निवासी कृषक के अनुसार उनका प्याज 50 पैसे प्रति किलो बिका परन्तु वह यहां प्याज नहीं देते हुए वापस प्याज को अपने घर ले जा रहे है .

### तीन दिन होती है प्याज-लहसुन की मंडी

ब्यावरा स्थित कृषि उपज मंडी में प्याज, लहसुन की मंडी तीन दिन मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को होती है . 25 नवम्बर को मंडी में प्याज का न्यूनतम भाव 60 पैसे, 2 रुपये प्रति किलो रहा . इसके पूर्व 18 नवम्बर को प्याज 1 रुपये 30 पैसे किलो से 6 रुपये 80 पैसे किलो बिका . 19 नवम्बर को प्याज 2 रुपये 10 पैसे से 7 रुपये 55 पैसे प्रति किलो के भाव बिका .




# छात्र-छात्राओं को महाकाल लोक का भ्रमण कराया

## सरपंच ने अधिक अंक लाने वाले छात्रों को भ्रमण कराया

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 25 नवंबर, सं. ग्राम पंचायत पटाड़िया धाकड़ के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों को ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुगनबाई जगदीश सिंह राजपूत द्वारा उज्जैन में महाकालेश्वर एवं महालोक का भ्रमण करवाया.**

उल्लेखनीय की ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर घोषणा की थी कि 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी 5 से 12 वी तक के छात्र-छात्राओं को महाकालेश्वर के दर्शन कराए जाएंगे. इसी घोषणा के अनुरूप आज लगभग 250 बच्चों एवं शिक्षकों तथा पटाडियाधाकड़ के गणमान्य नागरिकों को सरपंच सुगनबाई जगदीशसिंह राजपूत द्वारा अपनी निजी राशि से उज्जैन भ्रमण करवाया.

महाकाल दर्शन में राज्य मंत्री एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन का विशेष सहयोग रहा जिससे सुलभ दर्शन हो सका. सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सिंह राजपूत ने सभी सहयोगियों विशेष कर कर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं भाजपा जिला संयोजक निर्मल जैन का आभार व्यक्त किया.

## घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे

**झाडला 25 नवंबर, सं.** बीएलओ आत्माराम राठौर ग्राम पखरी, झुमका खलेली में घर -घर जा कर गणना पत्रक जमा कर रहे है. साथ सभी मतदाताओ निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओ के लिए सन 2003 की मतदाता सूची से 2025 की सूची का सत्यपान होने की जानकारी दी जा रही है.मतदान केंद्र पखरी मे 90 प्रतिशत का ऑनलाइन सत्यपान कर दिया गया है. बीएलओ ने बताया की मतदाता को कोई भी फार्म भरने, जमा करने की परेशानी नहीं हो इसलिए घर घर जाकर फार्म का सत्यापन किया जा रहा है.

# महिलाओं के मायके से जानकारी जुटा रहे बीएलओ

**खिलचीपुर 25 नवंबर, सं.** पोलिंग बूथ क्रमांक 246 पर मतदाता गहन पुननिरीक्षण (स्द्वह्) का कार्य 92 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है. जनप्रतिनिधि एवं बीएलो घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करके उनकी 2003 की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं और साथ में फॉर्म जमा कर रहे हैं. वार्ड क्रमांक 14 भाजपा नेता प्रेम मालाकार ने बताया कि जिस किसी सज्जन या महिला को उनकी 2003 की जानकारी लेने में या अन्य किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही है हम उनकी पूरी सहायता कर रहे हैं तथा महिला के मायके से संबंधित बीएलओ से दूरभाष पर संपर्क करके भी व्हाट्सएप के द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है. वार्ड में लगभग हर गली में पहुंचकर मतदाता की 2003 की संपूर्ण जानकारी फार्म भरवा कर ली जा रही है. वार्ड क्रमांक 14 पोलिंग बूथ 246 के बीएलो गोपाल मालाकार ने बताया कि हमारे द्वारा शेष कार्य को समय सीमा के अंदर जल्द ही पूर्ण किया जाएगा.

## कलश यात्रा के साथ धार्मिक आयोजन शुरू

**पचोर 25 नवम्बर, सं.** श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया में पांचवा नि :शुल्क कन्या विवाह, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं नो दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ . शोभा यात्रा गोपाल मंदिर पुरानी पचोर से प्रारंभ हुई . स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया . कलश यात्रा में सांसद रोडमल नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए . श्री राम कथा 3 दिसंबर तक होगी . कथा का वाचन विदुषी प्राची जी भक्ति वैष्णवी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 तक होगा .

# नपा को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 25 नवम्बर, सं** नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ को उत्कृष्ट एवं व्यवस्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है.

निकाय द्वारा स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता में निरंतर सुधार के प्रयासों के मद्देनजर यह सर्टिफिकेट दिया गया है.

नपा ने इस उपलब्धि पर विधायक मोहन शर्मा का आभार व्यक्त किया है. सीएमओ अभिषेक जैन ने बताया कि विधायक श्री शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग और विकास उन्मुख दृष्टिकोण के कारण नगर में सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हुई है.

उन्होंने आगे भी नगर में स्वच्छता व्यवस्था, सड़क-सुविधाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और नागरिक शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत करने की बात कही है.

# दूर-दराज से आये आमजन की समस्याओं को सुना

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 नवम्बर, का. हर बार की तरह इस बार भी मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समस्याओं के 85 आवेदन आये. इनका मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निराकरण किया गया.**

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल व प्रभारी कलेक्टर श्यामबीर सिंह, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

जनसुनवाई में दूर- दराज से आए ग्रामीणों व आमजनों को प्रभारी कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदकों की समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. जन सुनवाई मे लगभग 85 आवेदन प्राप्त हुए.

गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए उनका निराकरण किया जाता है.

# गुरु जी के त्याग, बलिदान को याद किया

## गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर ब्यावरा में हुआ विशेष आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 25 नवम्बर, का. सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा, राजगढ़ रोड ब्यावरा द्वारा एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ गुरु जी के अपार त्याग, बलिदान और मानवता के लिए किए गए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया.**



कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और गुरबाणी गायन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने गुरु जी की बाणी का मधुर रस संगत को श्रवण करवाया. पूरा परिसर वाहेगुरु के स्मरण और शांति के संदेशों से गूंज उठा. इस अवसर पर आयोजित लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. संगत ने गुरु परंपरा के अनुरूप सेवा, समानता और प्रेम का संदेश आत्मसात किया.

# इस शरीर को सदउपयोग में लगायें

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 25 नवंबर, सं. श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस पं. सुरेश बिहारी जी नागर ने रूखमणी एवं कृष्ण विवाह प्रसंग को बताया जहां पर श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष भावविभोर होकर खुब थिरके.**

उन्होंने कहा कि जो सुर्य की आराधना करता है वह कभी भी कंगाल नहीं होता है. शरीर का मूल्य नहीं लगा सकते हैं यह शरीर हमें मिला है तो इसका सदुपयोग करे. शरीर में जब तक श्वास है तब तक आस है इसे भगवान कि भक्ति साधना में लगावे. पतिव्रता नारी जब तक भोजन नहीं करतीं तब तक कि उसका पति भोजन नहीं करें ,यह संकल्प घर की खुशहाली और सुख समृद्धि शांति का प्रतीक है. जो घर में बना रहना चाहिए. उद्धव प्रसंग का महत्व बताया तथा कहा कि भक्त में यदि अहंकार आ जाता है तो उसे भगवान दुर करते हैं लेकिन भक्त भी अपनी भक्ति को नहीं छोड़े. क्योंकि भगवान भक्ति से हर काम संभव है.

कथा के यजमान मण्डलोई वकील परिवार ब्राम्हण खेड़ा वाले द्वारा नगर के नवीन सब्जी बाजार तालाब परिसर में संगीतमय कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होकर आनन्द से भागवत कथा श्रवण कर रहे.

**कार्यशाला** ब्रह्माकुमारी आश्रम में स्वर्णिम भारत का उदय विषय पर कार्यशाला

# वास्तविक शांति और सुख हमारे अंदर निहित है

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 25 नवंबर, का. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव वरदान भवन राजगढ़ मे आध्यात्मिक सशक्तिकरण से स्वर्णिम भारत का उदय विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसका उद्घाटन जिला पंचायत के सीईओ अर्पित गुप्ता ,रिटायर्ड पीजी कॉलेज प्रोफेसर एमएल गुप्ता, राजेंद्र जोशी काका, दौलत राम सुमन व ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने दीप जलाकर किया.**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि आज सब ऐसा संसार चाहते हैं जहां कोई अपेक्षित ना हो, रोगी दुखी, अशांत ना हो सब मिलजुल कर रहे, ऐसे संसार को ही स्वर्णिम संसार कहते हैं जिसकी स्थापना आध्यात्मिक जागृति से ही संभव है, आध्यात्मिक ज्ञान अर्थात स्वयं को जानना कि मैं एक चैतन्य सतोगुणी आत्मा हूं. सुख शांति आनंद यही हमारा वास्तविक धर्म है.

उन्होंने कहा कि आज व्यक्ति सुख शांति बाहर भौतिक पदार्थों में खोज रहा है यही मानव की सबसे बड़ी भूल है, पदार्थ का उपयोग जरूर करना है लेकिन वास्तविक शांति और सुख हमारे अंदर निहित है और उन्हें जागृत करने के लिए रोज दैनिक कार्यों से कुछ समय निकाल करके राजयोग का अभ्यास जरूर करे. अर्पित गुप्ता राजेंद्र जोशी काका रिटायर्ड कॉलेज प्रोफेसर एमएल गुप्ता ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किए. शिक्षक प्रवेश मोदी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया.

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट स्कूल की शिक्षिका सुनीता सुमन की तरफ से सभी ब्रह्मकुमारी बहनों का सम्मान किया गया व आए हुए सभी भाई बहनों को ब्रह्माभोजन करवाया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय वह संस्था से जुड़े आसपास के गावों के भाई -बहने उपस्थित रहे .

# एसआईआर सर्वे में घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

**सारंगपुर 25 नवंबर, सं.** शासन के निर्देश अनुसार बी एल औ द्वारा एस आई आर के सर्वे का कार्य युद्ध स्तर चल रहा हैं जिसमे नगर के अनेक वार्डो में एस आई आर सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा हैं इसी कड़ी मे बीएलओ घर-घर जाकर जानकारी जुटा रहे है. इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक डेटा एकत्र करना है. बीएलओ प्रत्येक घर में जाकर सर्वे से संबंधित जानकारी प्राप्त कर रहे है , जिससे योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाया जा सके. बीएलओ लगाए गए है. जिन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है. निगरानी के लिए सुपरवाइजर भी बनाए गए है. बीएलओ नगरीय क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रहे हे मतदाता सूची में मौजूद मतदाताओं का सर्वे 2003 की सूची के आधार पर किया जा रहा है जो मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे उन्हें जोड़ने का भी सर्वे के बाद कार्य शुरू होगा. जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम रोहित बम्होरे द्वारा तहसील के ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र में तैनात किए गए बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण दे दिया है। प्रत्येक मतदाता की सूची में अंकन पृष्ठ को मतदाता से ही सत्यापित कराया जाएगा. उसके हस्ताक्षर और अगूठा निशानी भी लिया जाएगा. इनकी निगरानी सुपरवाइजर करेंगे. जो अपनी सत्यापन रिपोर्ट तहसीलदार और एसडीएम को सौपेंगे. सर्वे के लिए प्रशासन ने पूर्व में तैयारियां पूरी कर ली हैं सोमवार को वार्ड 16 में सुबह से ही सर्वे कर रहे कर्मचारी 2003 की मतदाता सूची के मतदाताओं को सत्यापन के लिए फार्म भी दिए जा रहे हैं जिनको मतदाता अपनी जानकारी भरकर अपने क्षेत्र के बी औ लो के पास जमा करने का कहा जा रहा है. इस मौके पर सोमवार को बुथ क्रमांक 117 तलेनी( बल्डी )पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना पुष्पद व ज्योति पुष्पद, पवन पुष्पद के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर 2025 के अंतर्गत फार्म भरने का कार्य मैं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष विनोद पुष्पद ने भी गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग किया.

